# भारी बारिश में 2900 लोगों को सुरक्षित निकाला

## सीएम स्टेट कमांड सेंटर पहुंचे ▸ आला अफसरों के साथ बाढ़ के हालातों की समीक्षा की



**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को होमगार्ड मुख्यालय स्थित स्टेट कमांड सेंटर पहुंचकर प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा के चलते उत्पन्न परिस्थितियों की जानकारी ली और जन सुरक्षा प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की. इस दौरान बताया गया कि प्रदेश में बीते तीन दिनों से भारी वर्षा हो रही है। भारी वर्षा के चलते प्रदेश के कुछ जिलों में गांव और घरों में पानी भर जाने जैसी उत्पन्न परिस्थितियों में अब तक 2900 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है. प्रदेश में जहां-जहां अतिवर्षा की सूचना और लोगों के बाढ़ के पानी फंस जाने की जानकारी मिली है, वहां पूरी क्षमता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आपदा नियंत्रण कक्ष से जिलों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का लाइव ऑपरेशन का अवलोकन किया. उन्होंने आपदा बचाव दल में तैनात अधिकारियों से बात की और राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बचाव दल के अधिकारियों से पूछा कि बाढ़ से बचाव में किसी प्रकार के संसाधन की कमी तो नहीं है? अधिकारियों ने बताया कि सभी संसाधन उपलब्ध हैं और प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों और सिविल सोसाइटी से भी मदद मिल रही है. मुख्यमंत्री ने जलमग्न इलाकों से सुरक्षित निकाले गए पीड़ितों से रू-ब-रू चर्चा की. मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है, सरकार हर कदम पर आपके साथ है. पीड़ितों के घर, सामान, फसल, पशु जिसकी भी हानि हुई है, सरकार उसकी समुचित भरपाई करेगी.

### मददगारों को पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वे सभी तरह का ऐहतियात बरतें. बाढ़ आने की स्थिति में तत्काल लोगों का रेस्क्यू करें. बाढ़ का पानी कम होते ही जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे करा लें. सरकार हर बाढ़ पीड़ित की भरपूर मदद करेगी. कलेक्टर्स ने बताया कि लोगों को बाढ़ प्रभावितों क्षेत्रों से सुरक्षित निकालने में सामाजिक संगठनों ने भी मदद की है. मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित निकालकर उनका जीवन बचाने में मदद करने वालों की सूची तैयार कर लें. सरकार ऐसे साहसी, परोपकारी और मददगार लोगों को आगामी 15 अगस्त और अन्य अवसरों पर भी सम्मानित करेगी. इन्हें पुरस्कार भी दिए जाएंगे.

### कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग द्वारा अगले 24 घंटों में प्रदेश के नर्मदापुरम हरदा, गुना, शिवपुरी और रायसेन जिले में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, बैतूल, भोपाल खंडवा, देवास, शाजापुर, नरसिंहपुर, श्योपुर, आगर-मालवा, नीमच, अशोकनगर, पांढुरना और छिंदवाड़ा जिले अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी वर्षा और खरगोन, अलीराजपुर, धार, इन्दौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, जबलपुर,सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीमकगढ़ और निवाड़ी जिले में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की गई है.

### सरकार प्रभावितों को एयरलिफ्ट भी कराएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर संभाग के गुना, शिवपुरी, दतिया और अशोकनगर, सागर संभाग के सागर, दमोह, छतरपुर, भोपाल संभाग के विदिशा एवं रायसेन जिले में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और यहां चल रहे रेस्क्यू कार्यों का लाइव अवलोकन भी किया. उन्होंने कहा कि यदि नाव से किसी बाढ़ प्रभावित को सुरक्षित निकालना या बचा पाना संभव न हो, ऐसी स्थिति में सरकार हेलीकाप्टर के जरिए प्रभावितों को एयरलिफ्ट करायेगी. मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स से कहा कि जिन लोगों का रेस्क्यू किया गया है, उनके सुरक्षित निवास, भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवा, कपड़े और अन्य जरूरतों की भी समुचित व्यवस्था कर सभी पीड़ितों को उपलब्ध कराए जाएं. मुख्यमंत्री ने जिलों में बचाव दल के अधिकारियों और कलेक्टर्स से चर्चा कर उनके क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति, रेसक्यू ऑपरेशन्स की अपडेट सहित पीड़ितों को प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जा रही राहत के बारे में भी जानकारी ली.

# सदन में पहली बार सवाल व जवाब संस्कृत भाषा में

### ध्यानाकर्षण के दौरान बनी स्थिति

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 30 जुलाई. सदन में बुधवार को संस्कृत की गूंज रही. भाजपा सदस्य डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने ध्यानाकर्षण की सूचना संस्कृत में पढ़ी. ऐसा पहली बार हुआ कि किसी सदस्य ने सूचना का वाचन संस्कृत में किया. स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने भी इस मामले में कदमताल करते हुए जवाब का कुछ हिस्सा संस्कृत में ही पढ़कर संस्कृत के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया.**

उन्होंने सरकारी आयोजनों और प्रशासनिक कार्यों में संस्कृत भाषा को प्रोत्साहन देने की जरुरत भी बताई. इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने शुरू में संस्कृत में ही लिखित जवाब पढ़ा, जिसका पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने मेजे थपथपाकर स्वागत भी किया. उन्होंने बताया कि प्रदेश में संस्कृत भाषा के 271 विद्यालय संचालित है. इसके अलावा 4 आवासीय संस्कृत विद्यालय दतिया, सिरोंज, डिंडोरी और रतलाम में संचालित है. संस्कृत विषय में वर्ग एक के शिक्षकों के 2729 पद स्वीकृत है, इनमें 2232 पद भरे हुए हैं. शेष पदों पर अतिथि शिक्षक कार्यरत है. इसी तरह वर्ग दो में 9790 पद स्वीकृत हैं, इसमें 6439 पद भरे हुए हैं. शेष पदों पर अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, वहीं 400 पदों पर सीधी भर्ती की कार्यवाही की जा रही है.

> मंत्री ने कहा कि संस्कृत देवभाषा है. इसको बढ़ावा देने का कार्य सरकार करेगी. सदन के वरिष्ठ सदस्य गोपाल भार्गव ने कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति नहीं और बिना संस्कृति सनातन नहीं. कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि यदि किसी स्कूल में 2 अतिशेष अतिथि शिक्षक हैं, तो सबसे पहले संस्कृत वाले को ही निकालते हैं.

## एक नजर में

### दिल्ली में आज बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में सहभागिता करेंगे. यह टेक्सटाइल और अपैरल उद्योगों का एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय वैश्विक आयोजन है. ये समिट भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी. इस समिट में वैश्विक उद्योग जगत के निवेशक सहभागिता करेंगे. यह समिट वैश्विक सोर्सिंग और खरीद समुदाय की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप, सप्लाई चेन के प्रमुख हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत मंडप में स्थापित मध्यप्रदेश राज्य पवेलियन का भ्रमण करेंगे.

### सुपर-100 परीक्षा प्रदेश के 57 केन्द्रों पर 3 को

**भोपाल.** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है. परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी. रविवार को प्रथम पारी में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा. परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं. परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है.

# नेहरू का 14 बार जिक्र अजीब : कमलनाथ

## ऑपरेशन सिंदूर पर पूर्व सीएम बोले-मोदी को वर्तमान पर देना चाहिए जवाब



**भोपाल, 30 जुलाई . मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' पर लोकसभा में दिए गए भाषण को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है.**

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इस विषय पर बोलते हुए 14 बार पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम लिया, जो कि एक अजीब और असंबंधित बात है. बुधवार को विधानसभा सत्र में भाग लेने पहुंचे कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए, लेकिन उसमें पंडित नेहरू को बार-बार खींचना हैरानी की बात है. यह वर्तमान की असफलताओं से ध्यान भटकाने की कोशिश है.

दरअसल, मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में कहा था कि नेहरू की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार के दौरान भारत ने अक्साई चीन का 38,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र खो दिया. उन्होंने सिंधु जल संधि को भी एक बड़ी ऐतिहासिक भूल करार दिया. पीएम ने यह भी कहा कि आज कांग्रेस पीओके की बात करती है, लेकिन पहले यह तो बताए कि उसे किसने जाने दिया.

> प्रधानमंत्री के इन आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार के पास वर्तमान विफलताओं का कोई ठोस जवाब नहीं है, इसलिए वह इतिहास की आड़ लेकर मुद्दों को भटकाना चाहती है. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सुरक्षा, महंगाई और बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने की यह एक साजिश है.

# तीसरे दिन पत्तों की माला पहनकर पहुंचे कांग्रेस विधायक

## विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायकों का लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन

### आदिवासी अधिकारों को लेकर भाजपा सरकार को घेरा




**भोपाल, 30 जुलाई. विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन भी कांग्रेस विधायकों का थीम आधारित प्रदर्शन जारी रहा. बुधवार को कांग्रेस विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आदिवासी अधिकारों को लेकर विधानसभा परिसर में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया.**

इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने पत्तों से बनी मालाएं पहनकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया और आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज़ बुलंद की. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों को वन पट्टों का अधिकार देना ही नहीं चाहती. प्रदेश में आदिवासियों की जमीनों से बेदखली की जा रही है, वन पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं, पेसा कानून को जमीन पर लागू नहीं किया जा रहा है और आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों को छीना जा रहा है.

> नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आदिवासियों के भूमि पट्टे निरस्त किए जा रहे हैं, जबकि 2006 के पहले से जमीन पर बसे हुए आदिवासियों को नियमानुसार पट्टे दिए जाने चाहिए. उन्होंने कहा कि आदिवासी कई पीढ़ियों से रह रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष ने सरकार को सुझाव दिया कि गूगल मैप और गूगल इमेजिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर यह प्रमाणित किया जा सकता है कि कौन आदिवासी कब से किस जमीन पर रह रहा है.

# जिहाद पॉजिटिव शब्द', बरैया के बयान से सियासत गर्म



**भोपाल,30 जुलाई. मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के बयान से सियासत गरमा गई है. भांडेर से विधायक बरैया ने लव जिहाद को लेकर कहा कि जिहाद एक पॉजिटिव शब्द है और यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा गढ़ा गया शब्द है, जिसका उपयोग लोगों का ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है.**

बरेया ने कहा कि अगर कोई प्रेम करता है तो शादी कर सकता है. उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां हिंदू-मुस्लिम शादियां होती हैं, लेकिन किसी को आपत्ति नहीं होती. उनका तर्क था कि लव जिहाद, पाकिस्तान, कश्मीर, हिंदू-मुस्लिम जैसे मुद्दे भाजपा को ऑक्सीजन देने का काम करते हैं. ये शब्द हटा दिए जाएं तो भाजपा की सरकार ही खत्म हो जाएगी. बरैया के बयान पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी.



# वन बल प्रमुख होंगे विजय कुमार

**भोपाल.** राज्य शासन ने विजय कुमार एन अम्बाडे भावसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम भोपाल को एक अगस्त 2025 से राज्य वन बल प्रमुख के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किये हैं. वर्तमान वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव भावसे 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं.



# पहली बार सरकारी अस्पताल में एबीओ-इनकंपैटिबल गुर्दा प्रत्यारोपण

### डिप्टी सीएम शुक्ला ने की टीम जीएमसी की सराहना

**भोपाल, 30 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर नवाचार और अत्याधुनिक उपचार पद्धतियों को अपनाकर प्रदेश के हर नागरिक को उन्नत और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.**

उन्होंने कहा कि गांधी मेडिकल कॉलेज में प्रदेश का पहला एबीओ इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट शासकीय संस्थान में होना इस दिशा में मील का पत्थर है. स्वस्थ मध्यप्रदेश की दिशा में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. उन्होंने डीन जीएमसी भोपाल डॉ. कविता सिंह, अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन और समस्त टीम की सराहना की है.

> डीन डॉ. कविता सिंह ने बताया कि यह प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया. उन्होंने बताया कि साथ ही ऐसे मरीज जो योजना के तहत नहीं आते हैं उनके लिए भी न्यूनतम शुल्क पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. इस प्रत्यारोपण में ओ ब्लड ग्रुप के मरीज़ को बी ब्लड ग्रुप का गुर्दा सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया. मरीज मनुज कुमार 43 वर्ष (परिवर्तित नाम) को उनकी 41 वर्षीय पत्नी कमला (परिवर्तित नाम) ने किडनी दान की. मरीज नीमच जिले का निवासी है और छह माह से डायलिसिस पर था.


**MOIL LIMITED**
मॉयल MOIL
(A GOVERNMENT OF INDIA ENTERPRISE)
CIN: L99999MH1962GOI012398
Registered & Corporate Office:
MOIL Bhawan, 1- A, Katol Road, Nagpur - 440013, Maharashtra.
Tel.: 0712 - 2806208 / 154 ◆ Fax: 0712 - 2591661
Email: compliance@moil.nic.in ◆ Website: www.moil.nic.in

**Extracts of un-audited financial results for the quarter ended 30th June, 2025**

(₹ In Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2025 Unaudited | Quarter ended 30.06.2024 Unaudited | Year ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 34805.98 | 49284.17 | 158494.09 |
| 2 | Net profit / (loss) for the period (before tax, exceptional and / or extraordinary items) | 6382.44 | 20434.21 | 48678.21 |
| 3 | Net profit / (loss) for the period before tax (after exceptional and / or extraordinary items) | 6382.44 | 20434.21 | 48678.21 |
| 4 | Net profit / (loss) for the period after tax (after exceptional and / or extraordinary items) | 5150.58 | 15235.09 | 38163.71 |
| 5 | Total comprehensive income for the period [comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 3925.00 | 15234.73 | 31851.56 |
| 6 | Equity share capital (Face value of ₹10 each) | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | 247366.33 | 240193.47 | 243441.32 |
| 8 | Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹ 10 each) | | | |
| | Basic | 2.53 | 7.49 | 18.76 |
| | Diluted | 2.53 | 7.49 | 18.76 |

**Notes:**
1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30th July, 2025 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter ended 30th June, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.moil.nic.in).
3. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 30th June, 2025.
4. Previous period's figures have been regrouped/reclassified, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st March, 2025 is the balancing figures between the audited figures of full year and reviewed figures upto 31st December, 2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place : New Delhi
Date : 30th July, 2025

For MOIL Limited
Sd/-
Ajit Kumar Saxena
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 08588419

◆ हर एक काम, देश के नाम ◆
◆ MOIL - Adding Strength to Steel ◆







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14